हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 4 अक्टूबर, 2025

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22.9 डिग्री



12 सुल्लर में गोबरधन परियोजना का उद्घाटन





12 भीषण तूफान ने मचाई तबाही, लंबा जाम लगा




## खबर संक्षेप

### महाराजा अजमीढ़ की जयंती कल मनेगी

**जींद।** मैढ सुनार सभा जींद द्वारा आगामी पांच अक्टूबर को स्थानीय सैक्टर 6 जींद में स्थित सुनार धर्मशाला में सुनार समाज के आदि देव महाराज अजमीढ़ की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। महाराज अजमीढ़ मंदिर व धर्मशाला प्रांगण में आयोजित इस अवसर पर महाराज अजमीढ़ मन्दिर व धर्मशाला प्रांगण में भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सौंपा आरटीए को ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ने शुक्रवार को आरटीए जींद से मिल निजी बस संचालकों द्वारा बस पास को मान्य न करने पर दोबारा शिकायत दर्ज कराई व आंदोलन करने के चेतावनी दी है। एबीवीपी के नगर मंत्री प्रतीक शर्मा व यूनिवर्सिटी का अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि काफी लंबे समय से पास उनके पास शिकायत आ रही है कि प्राइवेट बस संचालक बस पास को वैलिड नहीं मान रहे हैं।

### शरद पूर्णिमा तक बांटी जाएगी खीर वाली दवा

**उचाना।** उचाना शहर के सबसे पुराने राजेंद्रा अस्पताल उचाना में सांस, पुरानी खांसी, नजला एवं हृदय रोगियों को खीर वाली मुफ्त आयुर्वेदिक दवा बांटी जाएगी। डा. राजेंद्र कुमार ने बताया कि 4 अक्टूबर से मुफ्त दवा दी जाएगी जो शरद पूर्णिमा तक दी जाएगी। 35 साल से मुफ्त आयुर्वेदिक दवा मरीजों को दी जा रही है।

### स्नेहा मढाढ बनी राजौंद की नायब तहसीलदार

**राजौंद।** नायब तहसीलदार राजौंद सुरेश कुमार के ट्रांसफर के बाद स्नेहा मढाढ ने नायब तहसीलदार के रूप में राजौंद नायब तहसीलदार का कार्यभार संभाल लिया है। स्नेहा मढाढ नायब तहसीलदार भल्ला से ट्रांसफर राजौंद में हुई है। नवनियुक्त नायब तहसीलदार स्नेहा मढाढ गांव बीर बांगड़ा की बेटी है उनके राजौंद में नायब तहसीलदार के रुप में कार्यभार संभालने के बाद गांव बीर बांगड़ा के ग्रामीणों व उनके परिवार के लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

### राममेहर बने वुशू खेल के तकनीकी अधिकारी

**राजौंद।** 8 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक श्रीनगर में होने वाले पुलिस खेलों में डा. राम मेहर सिंह खटकर को तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. राम मेहर सिंह खटकर पुलिस खेलों एवं वुशु खेलों के क्षेत्र में अनुभवी विशेषज्ञ हैं और वर्तमान समय में पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा गुजरात में डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. खटकर ने हरियाणा वुशु संघ के महासचिव अनिल विज एवं वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सी.ई.ओ. सोहिल अहमद खान का आभार व्यक्त किया।

# ऑनलाइन एफआईआर से लेकर ई-साक्ष्य तक हरियाणा पुलिस देश के लिए आदर्श : सीएम

### कुरुक्षेत्र में तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी लगी

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के हर सुधार को तत्परता से लागू करेगा हरियाणा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत की न्याय प्रणाली पहले से कहीं अधिक सशक्त, प्रभावी और पारदर्शी बनी है।

इन कानूनों के माध्यम से आम नागरिकों को शीघ्र और सुगम न्याय प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा के लिए गर्व का विषय है कि राज्य ने इतने कम समय में न केवल इन कानूनों को लागू किया, बल्कि इनके लागू होने के बाद दोष सिद्धि दर को 82.6 प्रतिशत तक पहुंचाने में भी सफलता प्राप्त की है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

- 2,145 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष स्थापित





**कुरुक्षेत्र।** तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

#### प्रदेश में लिखी गई न्यायिक सुधारों की नई इबारत

सीएम ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में इन कानूनों के क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया है। ई-साक्ष्य और ई-समन ऐप को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। गवाही देने की प्रक्रिया में भी तकनीक का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया गया है। पुलिस थानों, फोरेंसिक प्रयोगशालाओं, न्यायालय कक्षों, कारागारों और बैंकों में कुल 2,145 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष स्थापित किए गए हैं। 1 जनवरी 2025 से 31 अगस्त 2025 तक 96.71% मामलों में अपराध स्थल की फोरेंसिक जांच की रिकॉर्डिंग ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से की गई है। साथ ही, आपराधिक मामलों से जुड़े भौतिक साक्ष्यों की जांच, विश्लेषण एवं रिपोर्ट तैयार करने की व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए एफएसएल प्रयोगशालाओं को 19.54 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक बनाया गया है।

धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पुण्य भूमि पर केंद्रीय गृहमंत्री का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह हरियाणा के लिए गर्व का विषय है कि गीता की जन्मस्थली कुरुक्षेत्र से तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ है। यही वह भूमि है, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता का उपदेश दिया था, जो आज भी संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन कर रही है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में कई क्रांतिकारी निर्णय लिए गए हैं, जिनके माध्यम से ऐतिहासिक भूलों को सुधारा गया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और धारा 35-अ को हटाकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंड भारत के स्वप्न को साकार किया गया है। इसके अतिरिक्त, नागरिकता संशोधन अधिनियम के माध्यम से उन लाखों लोगों को नागरिकता प्रदान की गई है, जो वर्षों से अपने ही देश में शरणार्थी के रूप में जीवन यापन कर रहे थे। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भी संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय से प्रचलित तीन पुराने आपराधिक कानूनों को हटाकर देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू करना भी एक ऐतिहासिक और दूरगामी निर्णय है, जिससे न्याय व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। हरियाणा न केवल कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी राज्य है, बल्कि न्याय व्यवस्था के क्षेत्र में भी पूरे देश का मार्गदर्शन करने वाला राज्य बन चुका है। इन नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए हरियाणा पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित किया गया है। सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को इन नए कानूनों के प्रति पूरी तरह से जागरूक और सक्षम बनाया गया है। जांच अधिकारी अब इन कानूनों को समझते हुए उन्हें व्यवहार में लाने के लिए पूर्णतः सक्षम हैं।

#### अब थानों के चक्कर नहीं लगाने होंगे

*अब एफआईआर दर्ज कराने के लिए उन्होंने बताया कि अब एफआईआर दर्ज कराने के लिए थानों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। सभी जीरो एफआईआर को 24 घंटे के भीतर नियमित एफआईआर में परिवर्तित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित सुधारों को हरियाणा सरकार पूरी तत्परता से लागू करेगी। इस अवसर पर गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा करते हुए बताया कि नए कानूनों को लागू करने से पहले राज्य स्तर पर प्रशासनिक तैयारी, अधिकारियों का प्रशिक्षण, तथा तकनीकी अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन न केवल विधि व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाएगा बल्कि आम नागरिकों का न्याय प्रणाली पर विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, सेवा मंत्री कृष्ण बेदी, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, सांसद नवीन जिंदल और कार्तिकेय शर्मा, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।*

# स्टडी वीजा पर कनाडा भेजने के नाम पर युवक से ठग लिए 21.45 लाख रुपये

### आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्टडी वीजा पर कनाडा भेजने के नाम पर शिवदयाल पुरी कॉलोनी निवासी वरयाम सिंह से 21.45 लाख रुपये ठग लिए गए। वरयाम सिंह अपने बेटे अमित को स्टडी वीजा पर कनाडा भेजना चाहता था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शिवदयाल पुरी कॉलोनी निवासी वरयाम सिंह ने बताया कि वह अपने बेटे अमित को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना चाहता था। इसके लिए चंडीगढ़ के सेक्टर 22-बी निवासी युवराज सिंह उर्फ हैरी से संपर्क हुआ। 18 फरवरी 2024 को आरोपी उसे यमुनानगर बस स्टैंड पर मिला। युवराज ने दावा किया कि वह युवाओं को विदेश भेजने का काम करता है और कई देशों में उसकी पहचान है। युवराज ने कागजात दिखाकर भरोसा दिलाया और बेटे अमित को स्टडी वीजा पर कनाडा भेजने के लिए 25 लाख रुपये का खर्च बताया। उसने उसी दिन युवराज को 50 हजार रुपये नकद और दस्तावेज दिए। इसके बाद 22 फरवरी को ऑफर लेटर का हवाला देकर युवराज ने 20 हजार रुपये नकद लिए। 27 फरवरी को नौ लाख रुपये आरटीजीएस से युवराज को दिए। वरयाम ने बताया कि इसके बाद उसने लोन लेकर फिर नौ लाख रुपये 26 मार्च को आरटीजीएस से युवराज को भेजे। 28 मार्च को एक लाख रुपये नकद और 12 अप्रैल को 1.25 लाख रुपये नकद दिए। युवराज ने लुधियाना में अमित का मेडिकल कराया और फिर 50 हजार रुपये ले लिए।

इसके तीन माह बाद भी युवराज ने अमित को कनाडा नहीं भेजा। तब जांच करने पर पता चला कि युवराज के दिए ऑफर लेटर व अन्य दस्तावेज फर्जी हैं। युवराज को दिए 21.45 लाख रुपये वापस मांगे तो उसने दो चेक दिए। जब उसने यह चैक बैंक में लगाए तो वह बाउंस हो गए। पांच सितंबर को जब युवराज से रुपये मांगे तो उसने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। तब पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवराज के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### तीन युवकों से ठगे 32 लाख रुपये

**यमुनानगर।** जिले के थाना रादौर क्षेत्र के गांव भागूमाजरा में तीन युवकों को कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर 32 लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने पंजाब के मोहाली स्थित इमीग्रेशन सेंटर के सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव भागूमाजरा निवासी अजमेर सिंह ने बताया कि उसका बेटा बलजिंद्र सिंह, मंजीत कुमार व ईशम पाल बेरोजगार थे। तीनों को कनाडा में नौकरी के लिए भेजना था। इसके लिए सोशल मीडिया पर रुद्राक्ष ग्रुप ओवरसीज सोल्यूशन का विज्ञापन देख उसे लाइक किया। तब रुद्राक्ष ग्रुप ओवरसीज सोल्यूशन मोहली के राकेश उर्फ रिक्की, राखी, अरमान, पुनीत ठाकुर, नैनसी ठाकुर, कर्ण व रोहित ने गांव भागूमाजरा में उनसे संपर्क किया। इसके बाद एक महिला ने फोन किया। जिसने अपना नाम आरती शर्मा बताते हुए उन्हें मोहाली के रुद्राक्ष ग्रुप ओवरसीज सोल्यूशन नाम से बने दफ्तर में बुलाया। यहां सेंटर के लोगों ने दावा किया कि कनाडा में नौकरी दिलवा देंगे। इसका लिखित इकरारनामा भी दिया।

# डिजिटल युग की चुनौतियों से जूझ रहा युवा वर्ग : गुलाम नबी आजाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

महात्मा गांधी जयंती पर शुरू हुए सात दिवसीय ग्लोबल यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन मुख्य समारोह में युवा ऊर्जा और गांधीवादी मूल्यों को एक मंच पर ला खड़ा किया।

नेशनल यूथ प्रोजेक्ट, गांधी ग्लोबल फैमिली जीजीएफ तथा संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के दूसरा दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी ग्लोबल फैमिली के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी के जीवन दर्शन, युवाओं की भूमिका तथा रचनात्मक कार्यों के महत्व पर विस्तार से अपने विचार रखे। वहीं, आजाद ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन न केवल स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक है, बल्कि यह युवा पीढ़ी के लिए एक अनंत प्रेरणा स्रोत भी है। आज के युवा जो डिजिटल युग की चुनौतियों से जूझ रहे हैं को इन मूल्यों को अपनाकर रचनात्मक कार्यों में जुटना चाहिए। वहीं संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सूखिजा ने अपने मिशन की गतिविधियों और जीजीएफ के साथ इसके गहन संबंधों को उजागर किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे गांधीजी के ट्रस्टीशिप के सिद्धांत को अपनाएं। संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखिजा ने अपने मिशन की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

- गांधी जयंती पर शुरू हुए सात दिवसीय ग्लोबल यूथ फेस्टिवल का दूसरा दिन




**पानीपत।** ग्लोबल यूथ फेस्टिवल को संबोधित करते हुए गुलाम नबी आजाद।

### पानीपत में डायरिया पीड़ित बच्चे की मौत

**पानीपत।** पानीपत के काबडी रोड के कच्ची फाटक क्षेत्र के हरी नगर निवासी पांच साल के विजय पुत्र रजनेश कुमार मूल निवासी गांव नरसा नगला जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश की डायरिया के कारण मौत हो गई। रजनेश ने बताया कि वीरवार की रात को विजय को उल्टी और दस्त हुए थे। घरेलु प्रयास के बाद भी विजय को आराम नहीं हुआ तो परिजन उसे रात तीन बजे घर के पास ही स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने विजय को चिंताजनक हालत में पानीपत के सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया।

विजय को सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया, वहीं उपचार शुरू होने से पहले ही विजय की मौत हो गई। चिकित्सकों ने भी मेडिकल जांच के बाद विजय को मृत घोषित कर दिया। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने कथित डायरिया से काल का ग्रास बने बच्चे विजय की मौत के सही कारण जानने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया है।

### युवक से लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने महाबीर कॉलोनी में बाइक सवार सारांश निवासी विराट नगर, पानीपत से लूट करने वाले तीन आरोपियों गोविंद, संदीप व राहुल उर्फ बिल्ला निवासी आदर्श कालोनी, सफीदों जिला जींद को गिरफ्तार किया है। इधर, सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि लूट के इस केस में थाना शहर में विराट नगर निवासी सारांश की शिकायत पर केस दर्ज है। आरोपियों ने सारांश से तीस हजार रूपये की नगदी लूटी थी।

## धागा फैक्ट्री में चौकीदार की हत्या

- सिर में ईंट मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई

**पानीपत।** पानीपत सिटी के पुराना औद्योगिक क्षेत्र में लक्ष्मी नगर काबड़ी रोड स्थित धागे की फैक्ट्री में चौकीदार साठ वर्षीय रामकिशन का शव पड़ा मिला। वहीं घटना की सूचना मिलने पर थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने रामकिशन के शव की संदिग्ध हालात देख एफएसएल को बुलवाया। एफएसएल की टीम ने चौकीदार रामकिशन के शव की गहन जांच की। जांच में पता चला कि रामकिशन के सिर में चोट के निशान है और ऐसा प्रतीत होता है जैसे ईंट से उसके सिर में प्रहार किए गए हो। इधर, रामकिशन का पूरा पता ठिकाना फैक्टरी मालिक को पता नहीं है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, पुराना औद्योगिक थाना के एसएचओ देवेंद्र ने बताया कि रामकिशन का शव फैक्ट्री में मिला है। शुरूआती जांच में प्रतीत होता है कि सके सिर पर ईंट से हमला किया गया है। वहीं, रामकिशन की मौत के असली कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में पता चलेगा। इधर, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दी है।

### धन्ना भगत सेवा सदन मंदिर का शिलान्यास आज

**कैथल।** गांव जाखौली में बनाए गए संत शिरोमणि जाट धन्ना भगत सेवा सदन व मन्दिर के शिलान्यास आज शनिवार को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए होशियार सिंह ने बताया कि सदन का शिलान्यास गनौर से विधायक देवेंद्र कादयान, कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नवीन जिंदल ,पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद करेंगे। उन्होंने बताया कि यह कदम न केवल गांव के सामाजिक व धार्मिक विकास की दिशा में एक बड़ा योगदान है, बल्कि समाज की एकता और संस्कृति की मजबूती का प्रतीक भी है। इससे गांव की एकता व भाईचारा मजबूत होगा।

### हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# समय पर करें धान की खरीद, उठान कार्य में लाएं तेजी

- घरौंडा अनाज मंडी का किया दौरा, व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि इस वर्ष बरसात की अधिकता के कारण किसानों पर कुदरत की मार पड़ी है, अधिकारी किसानों पर और ज्यादा मार ना पड़ने दें। समय पर खरीद सुनिश्चित की जाए, उठान के कार्य में तेजी लाएं।

उन्होंने कहा कि मंडियों में धान खरीद के कार्य में अगर किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की लापरवाही नजर आई तो कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर उपायुक्त उत्तम सिंह भी मौजूद रहे।



**घरौंडा।** अनाजमंडी में धान खरीद का जायजा लेते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को घरौंडा अनाज मंडी पहुंचकर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। हरविन्द्र कल्याण ने इससे पूर्व मार्केट कमेटी कार्यालय में अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीद कार्य की व्यवस्था को सुचारू किया जाए क्योंकि धान का सीजन पीक पर आ चुका है और अब मंडियों में धान की आवक की भी अधिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर वेरिफिकेशन, गेट पास जैसी समस्याएं आड़े नहीं आनी चाहिए अगर कोई तकनीकी समस्या है तो उसका शीघ्र समाधान करवाएं। उन्होंने किसानों की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि मंडियों में मिलर्स की संख्या बढ़ाई जाए ताकि समय पर धान की खरीद व उठान कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि धान का सीजन 15 से 20 दिन का है, ऐसे में आवश्यकतानुसार मंडी में स्टाफ बढ़ाया जाए ताकि किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। इस अवसर पर उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि मंडियों में धान की खरीद कार्य की व्यवस्थाओं को सुचारू कर दिया गया है। फिर भी किसी किसान, आढ़ती व व्यापारी को समस्या आती है, तो इसको लेकर संबंधित एसडीएम से लोकल स्तर पर उसका समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने डीएफएससी को निर्देश दिए कि मंडियों में मिलर्स की संख्या बढ़ाई जाए।

#### किसानों को बेवजह परेशान न होने दें

*हरविन्द्र कल्याण ने मीटिंग के बाद धान की ढेरी पर पहुंचकर नमी को मॉइस्चर मीटर से चेक करवाया और निर्देश दिए कि खरीद एजेंसी व व्यापारी किसानों को बेवजह परेशान न होने दें बल्कि निर्धारित मानदंडों के अनुसार धान खरीद कार्यों में तेजी लाएं। उन्होने किसान भाइयों से भी अपील की कि वे अपनी फसल सुखाकर मंडियों में लेकर आएं ताकि उन्हें फसल बेचने में दिक्कत का सामना न करना पड़े।*

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे पांच लाख

- दंपति समेत तीन लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सरस्वती नगर के गांव अकालगढ़ का माजरा निवासी शीशपाल से उसके बेटे को विदेश भेजने के नाम पर पांच लाख रुपए हड़प लिए गए। आरोप विकास कुमार, उसकी पत्नी संगीता उर्फ पूनम तथा अशोक पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव अकालगढ़ का माजरा निवासी शीशपाल ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह अपने लड़के को रोजगार के लिए विदेश भेजने चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि विकास कुमार तथा उसकी पत्नी संगीता और अशोक कुमार लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उन तीनों से हुडा सेक्टर 17 में मिला। आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश भेजने के नाम पर उससे पांच लाख रुपए तथा सभी दस्तावेज ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसके लड़के को जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा।

जब उसने आरोपियों से संपर्क किया तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### मां झंडेवाली की कृपा अपरंपार : नागपाल

**करनाल।** भाजपा के जिला कार्यालय के सह प्रमुख व पूर्व महामंत्री प्रमोद नागपाल ने मां झंडेवाली सेवा समिति की ओर से आयोजित माता की चौकी में परिवार सहित पहुंचकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने माता रानी को चुनरी चढ़ाई और पावन जोत के समक्ष नतमस्तक होकर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।
समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में माता रानी का स्वरूप भेंट किया गया। इस मौके पर प्रमोद नागपाल ने कहा कि मां झंडेवाली की कृपा से सच्चे हृदय से उनकी पूजा करने वाले का जीवन सार्थक हो जाता है। उन्होंने समिति द्वारा किए जाने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की।

### इनेलो ने किसानों की समस्याओं को उठाया

**करनाल।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेताओं ने नई अनाजमंडी का दौरा कर सरकार पर किसानों की धान की फसल को नमी के नाम पर कम दामों में खरीदने के आरोप लगाए। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द ही यह अन्याय बंद नहीं हुआ और धान की खरीद सुचारू रूप से नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेंगे। इनेलो जिला प्रधान सुरजीत शामगढ़ ने कहा कि भाजपा सरकार के शासन में किसानों को भारी नुकसान हो रहा है, जबकि इनेलो हमेशा किसानों के हक की रक्षा करती रही है।

### अग्रकुल सेवा संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर

**करनाल।** महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में अग्रकुल सेवा संस्था 5 अक्तूबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए यह कैंप मानव सेवा संघ में सुबह नौ बजे शुरू होगा। सभा में प्रधान विनोद गुप्ता ने कहा कि इस बार भी संस्था ने 351 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा है।
पूर्व प्रधान डा. एसके गोयल, रामकुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, विपिन सिंगला, नरेश गोयल, सुरेश जिंदल, अंकुर गुप्ता समेत अन्य सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।

### गुरुनानक खालसा कालेज में की सफाई

**करनाल।** गुरुनानक खालसा कालेज में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया। कालेज के प्राचार्य डा. चूहड़ सिंह ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में सफाई कार्य किया। स्वयंसेवकों ने कालेज गेट, रेलवे रोड और खंडा चौक के आसपास सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। एनएसएस अधिकारी डा. अजय और प्रो. प्रदीप कुमार की देखरेख में यह अभियान सफल रहा।

### नशेड़ी ने मारा सीमेंट की दुकान के शीशे पर पत्थर

**घरौंडा।** बरसत रोड पर एक शरारती तत्व ने सीमेंट की दुकान के शीशे पर पत्थर मार कर शीशा तोड़ दिया। दुकानदारों ने शरारती तत्व को काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को दोपहर बाद दुकान के सामने एक होटल का नौकर नशे की हालत में सीमेंट की दुकान पर पहुंचा।

## करनाल को मिली दो परियोजनाएं, जिले के विकास को लगेंगे पंख

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश की कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- जिला स्तर पर किया कार्यक्रम का आयोजन
- विधायक और कई भाजपा नेता रहे इस मौके पर मौजूद

स्वस्थ्य सुधार की दृष्टि से असंध में 100 बेड के अस्पताल के निर्माण कार्य के लिए सांकेतिक तौर पर शिलान्यास किया। इस अस्पताल के निर्माण पर अनुमानित लागत 76 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि खर्च होगी, निर्माण से मरीजों को मिलेगा सुलभ इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कुरूक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से नए आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं हरियाणा सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करके प्रदेश की जनता को बहुत बड़ी सौगात दी है। इन परियोजनाओं में करनाल जिला की भी करीब सौ करोड़ की लागत से तैयार होने वाली दो परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। जिला स्तर पर उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद व असंध के विधायक योगेंद्र राणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में उपायुक्त उत्तम सिंह, मेयर रेनू बाला गुप्ता और भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर मौजूद रहे। विधायक जगमोहन आनंद ने 50 बिस्तरों वाले गहन चिकित्सा अस्पताल खंड का किया सांकेतिक तौर पर शिलान्यास। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में 50 बिस्तरों वाले गहन चिकित्सा अस्पताल खंड का सांकेतिक तौर पर शिलान्यास किया। इस पर अनुमानित 20 करोड़ 74 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। इस चिकित्सा



करनाल। परियोजनाओं का उद्घाटन करते विधायक जगमोहन आनंद और योगेंद्र राणा साथ में माहपौर रेनू बाला।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर नगराधीश मोनिका शर्मा, कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. एम. के. गर्ग, सामान्य अस्पताल करनाल के डिप्टी सीएमओ डॉ. रविंद्र संधु, लोक निर्माण विभाग की इंजीनियरिंग विंग सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।*

### बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएं

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और जिला स्तर पर अस्पतालों में आधुनिक सुविधाओं का मरीजों को लाभ मिल रहा है। गहन चिकित्सा अस्पताल खंड भी इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण भाग है। विधायक जगमोहन आनंद ने गृह मंत्री अमित शाह व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया और कहा कि करनाल क्षेत्र के लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से स्वास्थ्य की दिशा में यह बहुत बड़ी सौगात दी।

### 76 करोड़ 20 लाख रुपये होंगे निर्माण पर खर्च

विधायक योगेंद्र राणा ने असंध में 100 बेड के अस्पताल का किया सांकेतिक तौर पर शिलान्यासःकार्यक्रम में विधायक योगेंद्र राणा ने असंध में 100 बेड के अस्पताल के निर्माण कार्य के लिए सांकेतिक तौर पर शिलान्यास किया। इस अस्पताल के निर्माण पर अनुमानित लागत 76 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। उन्होंने बताया कि असंध शहर करनाल, कैथल, जींद व पानीपत से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस अस्पताल के बनने से असंध विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस अस्पताल का शिलान्यास किए जाने पर विधायक योगेंद्र राणा ने गृह मंत्री अमित शाह व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का असंध की जनता की ओर से आभार प्रकट किया और कहा कि असंध क्षेत्र के लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से यह बहुत बड़ी सौगात दी गई है।

## अच्छाई पर बुराई की जीत

# एसएमएस स्कूल में दशहरा पर्व पर विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुति



तरावड़ी। स्कूल के बच्चे कार्यक्रम मे भाग लेते हुये।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

एसएमएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में दशहरा उत्सव बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रावण का प्रतीकात्मक दहन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों ने रामायण से जुड़ी झांकियां प्रस्तुत कीं और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। कार्यक्रम में रावण दहन कर छात्रों को यह प्रेरणा दी गई कि जीवन में सदैव सत्य और धर्म का मार्ग अपनाना चाहिए। सांस्कृति प्रस्तुति में छोटे-छोटे बच्चों ने रामायण के पात्रों का जीवंत मंचन किया व बच्चों ने राम भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक ने कहा - दशहरा हमें यह सिखाता है कि चाहे असत्य कितना भी बड़ा क्यों न हो, अंततः सत्य की ही विजय होती है। हमें अपने जीवन से भी रावण जैसे नकारात्मक गुणों को समाप्त कर सकारात्मक सोच और सदाचार को अपनाना चाहिए। यह पर्व हमें प्रेरित करता है कि हम कठिनाइयों का सामना साहस और धैर्य से करें तथा हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। दशहरा केवल एक त्योहार नहीं बल्कि जीवन जीने की सही दिशा दिखाने वाला प्रेरणास्त्रोत भी है।

### दशहरे का महत्व बताया

दशहरे का पर्व हमें यह संदेश देता है कि अच्छाई की हमेशा बुराई पर विजय होती है। इस दिन हम रावण दहन करके यह प्रतीकात्मक रूप से दिखाते हैं कि अहंकार, लोभ, क्रोध और अन्य नकारात्मक गुणों को हमें अपने जीवन से दूर करना चाहिए। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे सत्य, सदाचार और अनुशासन के मार्ग पर चलें और भगवान राम के आदर्शों को अपनाएँ।

# डीएवी पीजी कॉलेज में कानूनी जागरुकता प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ की ओर से भारतीय संविधान के तहत नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी का कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ सुलोचना नैन और डॉ मीनाक्षी कुंडू ने अन्य सदस्यों सहित स्वागत किया। प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी ने बताया कि भारतीय संविधान अपने नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जो भारतीय नागरिकों के व्यक्तित्व के विकास और गरिमा की रक्षा करते है। जिनमें समानता का अधिकार स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार ,और संवैधानिक उपचारों का अधिकार आदि शामिल है।



### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा, महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना आपके हृदय में हमेशा होनी चाहिए तभी सही अर्थों में हम राष्ट्र को सही दिशा में ले जा सकेंगे। इस मौके पर अर्थ शास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी कुंडू ,आशिष कुमार, डॉ जितेन्द्र , डॉ सुनील सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## बुराई पर — हुई अच्छाई की

# रावण वध और राम के राजतिलक का हुआ मंचन कमेटी के प्रधान ने कलाकारों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

श्री रामायण पाठक सभा (रजि.) करनाल द्वारा वीरवार को विजयदशमी के पर्व पर रावण वध और राजतिलक का मंचन किया गया। सभा के प्रधान रमेश गुप्ता ने बताया कि आज के प्रमुख राम सेवक (डाक्टर राजन लाम्बा अध्यक्ष सहोदय विद्यालय परिसर) रहें। सभा के मुख्य निर्देशक अनिल गुप्ता और अंकित दाबड़ा ने बताया कि आज रावण वध एवं राजतिलक का मंचन किया गया। जिसमें राम अभिषेक शर्मा, सीता सरल यादव, लक्ष्मण प्रवीण कुमार, हनुमान अतुल बंसल, विभीषण कौशल शर्मा, रावण अंकित दाबड़ा, विशिष्ट कौशल शर्मा, सुग्रीव सुनिल सिंगला, कुम्भकरण प्रवीण दाबड़ा, एवं अन्य कलाकारों ने सभी किरदार बाखूबी निभाएं। मंच संचालक योगेश गोयल, कोषाध्यक्ष मनोज गोयल, महाप्रबंधक रविन्द्र बंसल, विनोद गर्ग, चन्दन गर्ग, जितेन्द्र अरोड़ा, सुमित, अनिल शर्मा, दीपक गुप्ता, चन्दन गर्ग, पंकज अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।



करनाल। मौलिक कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार बनें नागरिक : रामपाल सैनी

### धार्मिक भजनों पर बच्चों की सुंदर प्रस्तुति

*आज के मंचन के दौरान ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल करनाल के विधार्थियों द्वारा श्री हनुमान चालीसा एवं राम आयेंगे भजनों पर नृत्य प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रही। चेयरमैन नरेश गुप्ता द्वारा सभी सदस्यों, कलाकारों, नगर वासियों, सहयोगियों और मिडिया का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम जी का राज तिलक होने के पश्चात सभी सदस्यों, कलाकारों एवं दर्शकों को शुभकामनाएं और बधाइयां दी गई पूरा रामलीला मैदान जय जय सियाराम, सियावर राम चन्द्र की जय के जयघोषों से गूंजता रहा और श्री राम दरबार की आरती और प्रसाद वितरण कियाप।*



तरावड़ी। जागरण में ज्योति प्रचंड करते हुये न्यू कैम के मालिक सुरेन्द्र पाल बंसल।

### न्यू कैम ऑयल ने किया भंडारे का आयोजन

**तरावड़ी।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी न्यू कैम में एक भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया। कार्यक्रम का आयोजन सुरेन्द्र कुमार बंसल के परिवार द्वारा किया गया था। जागरण की शुरुआत गणेश वंदना और मां दुर्गा की आरती के साथ हुई। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंच को भव्य रूप से सजाया गया था और संपूर्ण स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। कार्यक्रम में जैसे प्रसिद्ध भजन गायकों ने जैसे जय माता दी, तेरी आरती उतारू मां, राम नाम की लूट है। जैसे भजनों से समां बांध दिया। श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे। जागरण के दौरान देवी-देवताओं की सुंदर झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें विशेष रूप से मां दुर्गा, श्री राम दरबार और बालाजी की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद और भंडारे का वितरण किया गया।

# संजय बठला बने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के चेयरमैन, पुष्प गुच्छ से किया सम्मान

- छठ पर्व सेवा समिति मंडल का कार्यक्रम आयोजित
- कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का चेयरमैन बनने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

छठ पर्व सेवा समिति मंडल (सूर्य मंदिर) ने हरियाणा के पूर्व ओएसडी संजय बठला को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई। समिति ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।सूर्य मंदिर के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने कहा कि करनाल में ओएसडी रहते हुए संजय बठला ने जन समस्याओं का त्वरित समाधान किया। उनके नेतृत्व में शहर में कई विकास कार्य हुए और वे 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें यह जिम्मेदारी देकर सराहनीय कार्य किया है। सुरेश यादव ने बताया कि 27 और 28 अक्तूबर को महाछठ पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा और इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस अवसर पर समिति के सदस्य अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, रोहित कुमार, राम दयाल यादव आदि रहे।





करनाल। जागरूकता शिविर में मौजद विद्यार्थी और शिक्षिकाएं। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों के लिए लगाया जागरूकता शिविर

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय करनाल के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर यौन शोषण संबंधित अधिनियमों की जानकारी दी और स्थाई कमेटी व आंतरिक कमेटी से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को कोई भी सच्ची शिकायत होने पर उसे दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया और कभी भी अधिनियम का दुरुपयोग कर झूठी शिकायत न करने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने नशा निषेध व साइबर क्राइम के बारे में भी जानकारी दी।



करनाल। रामलीला की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि में मनाया दशहरा

करनाल। सेक्टर सात सेवा केंद्र में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में राजयोगिनी प्रेम दीदी, आर्ट एंड कल्चर विंग की नेशनल कोर्डिनेटर ने कहा कि दशहरा धर्म की अधर्म पर और सत्य की असत्य पर विजय का पर्व है। उन्होंने रावण का अर्थ समझाया और बताया कि रावण के 10 सिर मानव में होने वाले विकारों का प्रतीक हैं। स्पोटर्स विंग की स्टेट कोर्डिनेटर बीके शिखा दीदी ने कहा कि रावण का पुतला हर वर्ष जलाया जाता है, क्योंकि बुराई दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इस मौके पर बच्चों ने डिजीटल रावण ड्रामा प्रस्तुत किया, जिसमें गुगल, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, फेसबुक और व्हाट्सऐप को रावण के आधुनिक रूप के रूप में दिखाया गया। कलाकारों में रीतिका, जसवी, भव्या, तवीशी, सायशा, आदित्य और विशु शामिल थे। कार्यक्रम में बीके आरती, सारिका, महिंद्र संधु, रामलाल कटारिया, रितेश विज, डा. एनके महानी, डा.केके चावला, ललित सरदाना, हरि कांबोज, जसमेर कानयान, सुशील शर्मा, सुरेश मेहता, रमेश कुमार, कृष्ण पाहवा, ईश्वर शर्मा, सुरिंद्र नागरू, जयगोपाल अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### श्रीराम कथा का हवन के साथ हुआ समापन

**तरावड़ी।** श्री हनुमान सेवा समिति तरावड़ी के तत्वावधान में मां अन्नपूर्णा आश्रम में आयोजित नौ दिवसीय भगवान श्रीराम कथा का समापन हवन-यज्ञ के साथ भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर श्रद्धेय श्री प्रहलाद मिश्रा जी रामायणी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा समापन पर समिति की ओर से शहर के गणमान्य व्यक्तियों और समाज में सेवाभाव की मिसाल कायम करने वाले समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, कृष्ण गोयल, रविंद्र सिंगला, मुकेश गोयल, प्रवीण गर्ग, नंद किशोर खुराना, राजकुमार तायल, रमेश गोयल, नरेश अरोड़ा, ऊषा गोयल व पुष्कर गोयल, यश सलूजा, सुभाष गुप्ता, राजीव नारंग आदि रहे।

## गैलेक्सी बासमती राइस की और से दशहरे पर विशाल कार्यक्रम

# 20 हजार श्रद्धालुओं ने लिया भंडारे का आनंद

- सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सद्भाव बढ़ता है: कृष्ण गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

दशहरा पर्व के अवसर पर गैलेक्सी बासमती राईस की ओर से मेला स्थल गूगा माड़ी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें आलू, छोले-पूरी, कढ़ी-चावल और हलवे का प्रसाद तैयार किया गया, जिसे 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ कंपनी के निदेशक कृष्ण गोयल ने किया। आयोजन में 50 हलवाई और 100 से ज्यादा सेवादारों की टीम ने मिलकर व्यवस्था संभाली। देर शाम तक चले इस भंडारे में श्रद्धालु लगातार प्रसाद ग्रहण करते रहे। कंपनी के सी.एम.डी. कृष्ण गोयल ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सद्भाव बढ़ता है। गलैक्सी परिवार सदैव धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग करता रहेगा। श्रीराम मेला समिति तरावड़ी के संरक्षक रामसिंह चौधरी, अध्यक्ष मोनू जैन और सलाहकार सुभाष गुप्ता ने गोयल इंटरनेशनल प्रा.लि. का आभार जताते हुए कहा कि इस विशाल भंडारे ने दशहरा उत्सव की शोभा और बढ़ा दी। कार्यक्रम में संरक्षक रामसिंह चौधरी, अध्यक्ष मोनू जैन, उप-प्रधान शिवम बंसल, नरेश अरोड़ा, राजीव नारंग, रजत गर्ग, रिंकू खुराना, कोषाध्यक्ष योगेश मिड्ढा, पार्षद भारत भारद्वाज, कमल जांगड़ा, कानूनी सलाहकार एडवोकेट सुमित गोयल, महासचिव देवेंद्र कामरा आदि शामिल रहे।



तरावड़ी। भंडारें का शुभारंभ करते हुये कंपनी के निदेशक कृष्ण गोयल, विपुल गोयल एवं सदस्य।



तरावड़ी। श्रीराम मेला समिति तरावड़ी पदाधिकारी कृष्ण गोयल को सम्मानित करते हुए।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने मंडी का दौरा किया

**इसराना।** इसराना के एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने शुक्रवार को नई अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने किसानों को धान के उठान का आश्वासन दिया, जबकि किसान फसल खरीद पोर्टल पर पंजीकरण सत्यापन में देरी और उठान में हो रही समस्याओं से जूझ रहे हैं। इधर, इसराना अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के अध्यक्ष जयकरण जागलान ने एसडीएम से आग्रह किया कि बिकी हुई जीरी का उठान जल्द से जल्द किया जाए, ताकि किसानों को उनकी फसल का भुगतान समय पर मिल सके। उन्होंने पिछले साल की स्थिति का भी जिक्र किया, जब जीरी खरीद के बाद उठान न होने से आढ़तियों को काफी नुकसान हुआ था।

### मारपीट कर युवक को घायल किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव चंदौली निवासी साहिल पुत्र विनोद के साथ दो बाइकों पर सवार पांच युवकों ने मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर, परिजनों ने साहिल को अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं साहिल की मां कविता ने बताया कि आरोपियों ने उनके सामने साहिल को पीटा। इधर, घटना की सूचना मिलने पर हुडा सेक्टर-13/17 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### पुष्पेंद्र बने सेक्टर अध्यक्ष

**समालखा।** बहुजन समाज पार्टी समालखा विधानसभा के सेक्टर आठ बापौली की मीटिंग हुई है। जिसमें सेक्टर अध्यक्ष पुष्पेंद्र को और महासचिव संग्राम सिंह को नियुक्त किया गया। वहीं, बूथ अध्यक्ष राजेश, विनोद और रोहताश को लगाया गया है। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव रामकुमार सालवन ने सभी साथियों का माला डालकर स्वागत किया।

### गोशाला में पौधरोपण किया गया

**पानीपत।** स्वच्छ और हरित पानीपत के उद्देश्य को हासिल करने के लिए एक कदम क्लीन पानीपत ग्रीन पानीपत की ओर रखते हुए आज छाजपुर खुर्द हरे कृष्ण सुदामा गोशाला एवं शिव मंदिर परिसर में पर्यावरण प्रहरी डा.हितेश चंद शर्मा ने ग्रामीणों संग मिलकर जामुन के पांच पौधे लगाए। इस अवसर पर गोशाला प्रधान संदीप रावल, उपप्रधान काला सैनी, खजांची राजेंद्र, मुकेश शर्मा, महंत चंद्रमोहन, विनोद व रोहित आदि मौजूद रहे।

### कुश्ती दंगल कमेटी को दान किया

**इसराना।** भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी पोपो जागलान ने इसराना कुश्ती दंगल कमेटी को अपने निजी कोष से एक लाख 11 हजार रुपये भेंट किए। वहीं, पोपो ने ग्रामीणों को भरोसा दिलवाया की इसराना के हनुमान अखाड़ा और खेल स्टेडियम को भी पांच पांच लाख रुपए विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से दिलवाएगी। इनामी कुश्ती दंगल में फाइनल पहली कुश्ती विशाल और दूसरी महिला वर्ग की पहली फाइनल कुश्ती नेहा ने जीती।

### कृतिका मिस व अरविंद मिस्टर फ्रेशर बने

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में जीव विज्ञान विभाग में बीएससी तृतीय और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा, उप प्राचार्या डॉ. किरण मदान, विभागाध्यक्ष डॉ. निधान सिंह, डॉ. विक्रम कुमार, प्रो. पवन कुमार एवं डॉ. प्रवीण कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। वहीं, बीएससी प्रथम वर्ष की कृतिका को मिस फ्रेशर और अरविंद को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

### विधायक राम कुमार गौतम का स्वागत किया

**समालखा।** नई जैन स्थानक में उपेन्द्र मुनि से सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने आर्शीवाद लिया। वहीं, एसएस जैन सभा प्रधान वीर प्रकाश ने विधायक राम कुमार गौतम का स्वागत किया। जबकि विधायक गौतम ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने से तन व मन को नई उर्जा मिलती है। इस मौक पर अमित जैन, राजेन्द्र जैन व जनेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे।

---

## कौशिक ने अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया

# जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन बने केदार दत्त



पानीपत। जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन केदार दत्त कौशिक पदभार ग्रहण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### बच्चों से जुड़े विषयों को लेकर दिखाई जाएगी संवेदनशीलता

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जिला बाल कल्याण समिति के नव नियुक्त चेयरमैन केदार दत्त कौशिक ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित कार्यालय में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, समिति के अन्य नवनियुक्त सदस्यगण तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं, पदभार ग्रहण के उपरांत जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष केदार दत्त ने कहा कि बाल कल्याण समिति बालकों के संरक्षण, देखभाल एवं पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वे समिति के माध्यम से जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और संवर्धन के लिए सतत कार्य करेंगे तथा विशेष रूप से बेसहारा, अनाथ, शोषित व लाचार बच्चों की सहायता हेतु प्रभावी कदम उठाएंगे। समिति के सदस्यों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और जिले में बाल हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। वहीं, कौशिक ने आश्वस्त किया कि समिति बाल संरक्षण अधिनियम के तहत अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेगी। बच्चों से जुड़े विषयों को लेकर संवेदनशीलता दिखाई जाएगी।

#### रूपरेखा पर चर्चा की गई

कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन केदार दत्त द्वारा अधिकारियों के साथ आगामी कार्य योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा बच्चों के पुनर्वास और देखरेख के लिए बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। गौरतलब है कि वरिष्ठ अधिवक्ता केदार दत्त कौशिक विगत 20 वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय हैं और उन्होंने निर्धन वर्ग के बच्चों की पढ़ाई के उत्थान के साथ-साथ महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और समाज की अन्य भूमिकाओं में सराहनीय योगदान भी दिया है।

---

# विद्यार्थियों ने टेक्नॉलोजी का ज्ञान लिया

- वीडियो गेम टेक्नॉलोजी का लगातार बढ़ रहा है आर्थिक आकार : राकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा



समालखा। पाइट के उपाध्यक्ष राकेश तायल के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

वीडियो गेम टेक्नॉलोजी का आर्थिक आकार बढ़ता जा रहा है। हजारों करोड़ का अब ये बिजनेस हो चुका है। विद्यार्थियों को गेम टेक्नॉलोजी से रूबरू कराने के लिए दो दिवसीय जियो गेम्स बूटकैंप लगाया गया। यह बात पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कही।

उन्होंने बताया कि इस बूट कैंप में टूर्नामेंट भी कराया गया, जिसमें औरा टीम विजेता रही। इसके अलावा पांच सौ से अधिक छात्रों ने क्लाउड आधारित गेम्स का अनुभव लिया। गेम टेक्नॉलोजी के बारे में जाना और सीखा।

#### विजेता टीमों को सम्मानित किया

साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने कहा कि यह दो दिवसीय बूटकैंप सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों को गेमिंग, ई-स्पोर्ट्स और डिजिटल इनोवेशन के नए आयामों से भी रूबरू कराया। बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, अमितदुबे, अनुग्रह कुमार ने विजेता टीमों को सम्मानित किया।

### मेधावी छात्रों के लिए सहायता मंजूर

**पानीपत।** जिला उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2025-26 के अंतर्गत डॉ. बी. आर. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के तहत कुल 83 लाख 7 हजार की राशि 1038 विद्यार्थियों के लिए स्वीकृत की गई है। यह राशि स्वीकृति संख्या एक से 11 तक के तहत आवंटित की जा चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि वे निरंतर मेहनत और लगन के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखें और भविष्य में राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

### आईबी कॉलेज की रोशनी टॉपर

एमए इंग्लिश चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

**पानीपत।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा एमए इंग्लिश चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें आईबी पीजी कॉलेज की छात्रा रोशनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में दसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं, प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने रोशनी को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विभाग से डॉ. निधि मल्होत्रा, डॉ स्वाति पूनिया, डॉ. नेहा पुनिया, रेखा, प्रिया बरेजा, राहुल, रेशू, दीप्ति आदि उपस्थित रहे।

### देवी मां के गीत पर झूमे श्रद्धालु

कई भोजपुरी कलाकारों ने समा बांध दिया

**पानीपत।** मां दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में समन्वय परिवार संस्था द्वारा जाटल रोड नजदीक साईं राम हॉस्पिटल में अंकुश राजा ने देवी के गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। समन्वय परिवार संस्था में नवमी को भजन गायक गोपाल राय, ट्रेंडिंग स्टार विजय चौहान सहित कई भोजपुरी कलाकारों ने समा बांध दिया। पूर्वांचल नेता चंदन चौहान, पीएन सिंह, अवधेश यादव, भगवान झा, अमित सिंह, अमर नाथ शाही, रवि मिश्रा, हरि पटेल, लक्ष्मण सिंह, उमेश सिंह मनोज सिंह आदि उपस्थित रहे।

---

# स्वच्छता को जीवन का आधार बनाएं विद्यार्थी

- राष्ट्रीय स्तर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कोमोनिका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत





पानीपत। स्वच्छता जागरूकता रैली को रवाना करते हुए आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि मलिक। फोटो: हरिभूमि

आईबी कॉलेज की एनएसएस इकाई ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा धूमधाम से मनाया। इस दौरान कई रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे जीवन का आधार है, बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने जिस समर्पण और ऊर्जा से इस अभियान में भाग लिया है, वह सराहनीय है और यह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। एनएसएस. प्रोग्राम ऑफिसर खुशबू और स्वयं सेवक वंशिका व मनोज ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया।

#### छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई

*आरके सदन में आयोजित सेमिनार और सम्मान समारोह में वर्ष 2024-25 की गतिविधियों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक डॉ. आनंद ने तीनों प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। जबकि राष्ट्रीय स्तर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम कोमोनिका, एमएफए प्रीवियस, कॉलेज ऑफ आर्ट्स, दिल्ली विश्वविद्यालय, द्वितीय नगीना, आरजीजीसीडब्ल्यू क्लब, तृतीय मानसी सैनी, राजकीय कॉलेज, गुरूग्राम विजेता रहे। जबकि भाषण प्रतियोगिता में प्रथम ईशा, द्वितीय देवव्रत, तृतीय दिशा व नीतू रहे।*

# किसान विरोधी है भाजपा सरकार: कुलदीप

- इनेलो नेताओं ने मंडियों का दौरा कर धान की खरीद का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। अनाज मंडी में धान की खरीद का जायजा लेते हुए इनेलो नेतागण।

इंडियन नेशनल लोकदल की जिला इकाई ने शुक्रवार को पानीपत स्थित अनाज मंडी में धान की खरीद में सरकार के धीमी कार्यप्रणाली को लेकर दौरा किया। दौरे की अध्यक्षता कर रहे जिला इनेलो के प्रधान कुलदीप राठी ने कहा कि सरकार धान की खरीद को लेकर के धीमा रवैया अपना रही है। धान की उठान नहीं हो पा रही है एवं किसानों को न्यूनतम समर्थन मुल्य भी नहीं मिल रहा है। वर्तमान भाजपा सरकार ने झूठे जुमले देकर लोगों को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सन् 2022 तक प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी। किसानों की आय तो दोगुना नहीं हुई बल्कि खाद-बीज, यूरिया का खर्च दोगुना से तीनगुना हो गया है। आगे कहा कि सरकार खराब हुई फसलों का भी जल्दी से गरीदावरी करवाकर किसानों को 50000 प्रति एकड़ का मुआवजा दें।

#### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार जल्दी जाग जाए अन्यथा इनेलो जगह-जगह पर बड़े प्रदर्शन करके सरकार को जगाने का काम करेगी। इस अवसर पर मार्किट कमेटी सेक्रेटरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर हेमराज जागलान, राजू नांदल, राजेश झट्टीपुर, शमशेर देशवाल, मौलाना मुर्शलीन, सरपंच कृष्ण भोकर, रविंद्र बिंझोल, लखपत रोड़, विजय कादियान, महावीर कारद, अमरजीत, सुभाष, सुरेंद्र व सन्नी आदि मौजूद रहे।

### पारदर्शिता से हो रही है धान की खरीद

**पानीपत।** पानीपत जिला की मंडियों में इस बार धान खरीद का कार्य पूरी पारदर्शिता और दक्षता के साथ चल रहा है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि किसानों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जिला प्रशासन और संबंधित एजेंसियां पूरी तरह से किसानों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध हैं। वहीं, किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हमारी प्राथमिकता किसानों की मेहनत का सही मूल्य देना है। मंडियों में पूरी निगरानी व्यवस्था है और प्रत्येक शिकायत का तुरंत समाधान किया जा रहा है।

---

# विद्यार्थियों को तरक्की की राह दिखाती है स्पर्धाएं

- भाषण प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय वर्ष की सुषमा ने प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज में विजेता विद्यार्थी अपने अध्यापकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को अर्थशास्त्र विभाग की कौटिल्य इकोनॉमिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता, डायग्राम एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। वहीं, प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सतवीर सिंह, डॉ.रमेश शिंगला, डॉ.रजनी शर्मा सहित अन्य स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कमाना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के लिए केवल पाठ्यक्रम तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है।

डॉ.रजनी शर्मा ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय वर्ष की सुषमा ने प्रथम, बीसीए द्वितीय वर्ष की केशवी ने दूसरा, एमए प्रथम वर्ष की दिव्या मल्होत्रा एवं बीएससी तृतीय वर्ष के नीतीश ने तीसरा स्थान और पुष्पांजलि ने चौथा स्थान हासिल किया।

#### प्रतियोगिता के परिणाम

डायग्राम मेकिंग में एमए प्रथम वर्ष से ईशा सैनी ने प्रथम,बीए ऑनर्स द्वितीय वर्ष की छाया ने दूसरा, एमए प्रथम वर्ष की अन्नू शर्मा ने तीसरा, पोस्टर मैकिंग में बीए अर्थशास्त्र की प्रथम वर्ष की पायल ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल यादव ने दूसरा और बीए द्वितीय वर्ष की हिमानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं बीए ऑनर्स द्वितीय वर्ष की छाया, अर्चना एवं छात्र प्रिंस को प्रशंसा पुरस्कार दिया गया।

# मेयर कोमल ने आम लोगों से चर्चा की

- महंगाई को नियंत्रित कर आमजन को लाभ देगी नई जीएसटी : कोमल
- दुकानदारों, व्यापारियों एवं आम लोगों ने जीएसटी छूट के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। नगर निगम की मेयर कोमल सैनी, दुकानदारों को नई जीएसटी को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

पानीपत नगर निगम महापौर कोमल सैनी ने रेलवे रोड पर नई जीएसटी लागू होने पर जनसंपर्क कर छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और आम लोगों से चर्चा की और इससे मिलने वाले लाभों को उनके साथ साझा किया। सभी दुकानदारों, व्यापारियों एवं आम लोगों ने जीएसटी छूट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे त्यौहारों के इस सीजन में उन्हें काफी राहत मिलेगी।

#### स्वदेशी सामान खरीदने का आग्रह किया

मेयर कोमल ने सभी व्यापारियों एवं दुकानदारों से स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने तथा आम जन से स्वदेशी सामान खरीदने का आग्रह करते हुए कहा कि नई जीएसटी दरें केवल आंकड़ों का परिवर्तन भर नहीं हैं, बल्कि यह आमजन एवं कृषकों के जीवन में वास्तविक राहत और सकारात्मक प्रभाव लाती हैं। आवश्यक वस्तुएं अब अधिक किफ़ायती होंगी तथा दैनिक उपयोग की सामग्रियों पर होने वाला व्यय भी घटेगा।

---

## पानीपत रिफाइनरी में बापू व लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर श्रद्धांजलि दी

डहरिया ने सभी को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और स्वच्छता की शपथ दिलाई

# विश्व शांति के लिए गांधी जी की शिक्षाओं का पालन जरूरी : डहरिया

- स्वच्छता संकल्प समारोह का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। बापू को श्रद्धांजलि देते हुए एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख। फोटो: हरिभूमि

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स (पीआरपीसी) में राष्ट्रपिता मोहन दास कर्मचंद गांधी की 156वीं जयंती पर बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और स्वच्छता संकल्प समारोह का आयोजन हुआ। वहीं, कार्यक्रम की शुरुआत एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित करने से हुई। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, श्रद्धांजलि के उपरांत गांधी जी के प्रिय भजन बड़ी भक्ति भावना से प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया। वहीं डहरिया ने सभी को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और स्वच्छता की शपथ दिलाई।

#### लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया

*गांधी जी केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक गहन विचारधारा हैं, जिसमें विश्व शांति स्थापित करने की अद्भुत शक्ति निहित है। उन्होंने गांधी जी के प्रसिद्ध संदेश जिस परिवर्तन को आप दुनिया में देखना चाहते हैं, उसकी शुरुआत स्वयं से करें को दोहराते हुए सभी से उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान देश के दूसरे प्रधानमंत्री, लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी 121वीं जयंती पर भी सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।*



पानीपत। कांग्रेसी नेता रमेश मलिक व सचिन कूंडू, वयोवृद्ध गांधीवादी नेता रमेश चंद पुहाल को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सम्मान समारोह का आयोजन किया

**पानीपत।** पानीपत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर लाल बत्ती स्थित कांग्रेस भवन में जिला स्तरीय बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक व पानीपत ग्रामीण हलके से पूर्व प्रत्याशी सचिन कुंडू सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश चन्द पुहाल को खादी वस्त्र, खादी की माला व तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा और दशकों से कांग्रेस पार्टी के लिये पूरी निष्ठा एवं सेवा भाव से काम करने वाले सीनियर कार्यकर्ताओं को भविष्य में इसी तरह से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खुशी राम जागलान, डॉ ओमवीर पंवार, दीपक खटखड, मोहकम छौक्कर, नरेश अत्री एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## गांव डुलियाना में निकाली प्रभातफेरी

**मुलाना।** गांव डुलियाना में भगवान वाल्मीकि के प्रकाश उत्सव पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। गांव के रहने वाले संतोष फौजी ने कहा कि हमें सभी सत्कार योग धर्म प्रेमियों का दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते हैं कि पावन वाल्मीकि प्रकाश उत्सव पर जो नितनेम पाठ की शुरुआत में उन्होंने सहयोग किया है वह काबिले तारीफ है।

## गर्ल्स कॉलेज में स्वच्छता सेवा पखवाड़े का समापन

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का समापन हो गया। पखवाड़े के दौरान कॉलेज परिसर में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें जागरूकता रैली, पौधारोपण, स्वच्छता शपथ, नशा मुक्ति शपथ, पोस्टर मेकिंग और ड्रग्स जागरूकता कार्यक्रम प्रमुख रहे। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को समाज और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

## फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल समलेहड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार के निर्देशानुसार तथा विद्यालय के उपप्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में खंड स्तरीय रोल प्ले एवं फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहा ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## कर्मचारियों ने ठेकेदारी प्रथा का पुतला जलाया

**नारायणगढ़।** वेतन न मिलने से नाराज शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को प्रदर्शन करके शोषण व भ्रष्टाचार की जननी ठेका प्रथा का पुतला फूंका। कर्मचारियों ने सामुदायिक केंद्र में एकत्रित होकर यूनियन नेता शशांक हंस, बीर सिंह व धर्मवीर के नेतृत्व में डॉ. आंबेडकर चौक तक प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि वेतन न मिलने के कारण उनके परिवार दशहरा नहीं मना सके। इसके लिए ठेकेदार व प्रशासन के साथ ही प्रदेश सरकार को भी जिम्मेवार ठहराया।

## कादिर जिलानी के जीवन शिक्षाओं की जानकारी दी

**अंबाला।** रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी की ओर से शुक्रवार को हजरत सैयदना शेख अब्दुल कादिर जिलानी अलैहिर्रहमां (गौसे आजम) का उर्स-ए-पाक ग्यारहवीं शरीफ के रूप में अकीदत व एहतराम के साथ अंबाला शहर के रणजीत नगर स्थित बादशाही मस्जिद में मनाया गया। मुख्यअतिथि के रूप में शेरे मेवात जनाब मौलाना मोहम्मद आरिफ ने शिरकत की।

### स्वामित्व योजना के तहत मिलेगा मालिकाना हक

# नगर निगम के लाल डोरा में रहने वाले 23338 परिवार बनेंगे घर के मालिक

मेयर ने फाइल पर साइन किए, जल्द से जल्द शुरू होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला शहर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले शहर व ग्रामीण क्षेत्र के 23388 से ज्यादा लाल डोरा संपत्ति धारकों को स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक मिलेगा। मालिकाना हक देने के लिए शुक्रवार को मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने फाइल पर हस्ताक्षर किए। मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में शुरू हुई स्वामित्व योजना का फायदा अभी तक अंबाला शहर निगम के लोगों को नहीं मिल पाया था। उन्होंने इस प्रक्रिया को नगर निगम में अधिकारियों के साथ मिलकर आगे बढ़वाया। अब इस फाइल पर हस्ताक्षर कर इस प्रक्रिया को जनता तक पहुंचाने का काम किया। मालिकाना हक मिलने से लोगों को एक प्रमाण-पत्र मिल जाएगा। मनोनीत नगर निगम सदस्य संदीप सचदेवा ने कहा कि मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार की ट्रिपल इंजन सरकार की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम क्षेत्र में आने वाले 23388 से ज्यादा लाल डोरा संपत्तियों के मालिकाना हक देने की फाइल पर हस्ताक्षर कर शहरवासियों को दिवाली का तोहफा दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश में रोजाना नायाब काम कर रही है।

### ग्रामीणों को मिलेगी राहत

वैसे तो अंबाला नगर निगम में शामिल ज्यादातर गांवों के लोग बेहद परेशान हैं। पिछले पांच साल में इन गांवों में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ। खासकर निगम में शामिल छोटी घेल, बड़ी घेल, लोहगढ़, मानकपुर, डंगडेहरी, कांवला, कालू माजरा, देवीनगर, मानकपुर, सौंडा, लिहारसा, निजामपुर और डडियाना गांवों में विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं लग पाई। इसी वजह से परेशान ग्रामीण अब सभी उक्त सभी गांवों में पंचायती राज व्यवस्था बहाल करने की मांग कर रहे हैं। पिछले दिनों खुद मेयर शैलजा सचदेवा से भी कुछ ग्रामीणों ने मुलाकात की थी। तब ग्रामीणों ने कहा था कि नगर निगम में आने से कोई फायदा नहीं हुआ। अब तो गांव की सफाई भी भगवान भरोसे है।

### सुविधाएं गांव से बदतर मिल रही

बता दें 2010 में प्रदेश सरकार की अधिसूचना के तहत अंबाला नगर निगम की स्थापना हुई थी। तब कई ग्रामीण क्षेत्रों को इसमें शामिल किया गया था। इसके साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। अब 14 साल बाद गांव वाले कह रहे हैं कि न नगर निगम की सुविधाएं मिलती हैं, न ही सरपंच जैसा कोई सुनने वाला है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई व्यवस्था ठंडे बस्ते में है। नालों की हफ्तों से सफाई नहीं होती। स्ट्रीट लाइट कई साल से बंद पड़ी हैं। पेयजल और सीवरेज की हालत बद से बदतर है। फिर भी नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स, प्रॉपर्टी टैक्स, पानी बिल, कूड़ा टैक्स वसूला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे गांव में रहते हैं लेकिन शहर की तरह बिल भरते हैं। सुविधाएं गांव से भी बदतर मिल रही हैं।



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल के सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एनडीए की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन

## आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठता की पताका लहराई

- एनडीए व एसएसबी में सफलता का पर्याय बना आरपीएस: मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यूपीएससी की ओर से घोषित एनडीए की लिखित परीक्षा में आरपीएस समूह की प्रतिभाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोहा मनवाया। आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्था के साथ क्षेत्र, जिले व प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनडीए की लिखित परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर एसएसबी के लिए क्वालीफाई करने वालों में आर्यन श्योराण, आशीष, दिव्य यादव, हर्ष कुमार, झलक यादव, कनिका यादव, लक्ष्य यादव, मयंक, मयंक कुमार, नेहा, प्रिंस यादव, रजत श्योराण, रितिक, साहिल, यश, आयुश, जतिन, मंदीप कुमार, सारांश यादव, निशु गंडास, साहिल यादव, ईशांत कुमार, जितेन्द्र जादम, सचिन, जतिन, कृष, मनिकेत, मनीष, रिषभ धोरवाल आदि शामिल है।

### बधाई दी

आरपीएस संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि क्षेत्र के साथ अब आरपीएस के प्रतिभावान छात्र छात्राएं सेना में भी अधिकारी बनकर देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आरपीएस के उचित मंच के माध्यम से सेना में अधिकारी के पद पर पहुंच रहे हैं। संस्था के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि प्रतिभा को तराशने के लिए विद्यार्थियों को समय समय पर उचित मार्ग दर्शन मिलना अतिआवश्यक है, जो आरपीएस शिक्षण संस्था की प्रबंधन समिति व शिक्षक समय समय पर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों से विचार विमर्श कर सफलता के नए नए तरीके अपनाते रहते हैं। आरपीएस के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड, नीट, जेईई मेन व एडवांस, सीए, क्लैट, इन्टरनेशनल ऑलंपियाड के साथ एनडीए में भी बेहतरीन परीक्षा परिणाम देकर सर्वश्रेष्ठता का परचम लहराया। इस अपार खुशी में आरपीएस में अभिभावक, शिक्षक व विद्यार्थी एक दूसरे को बधाई देकर खुशी का इजहार करते नजर आए।

## एसडीएम ने अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद कार्य का लिया जायजा

- एसडीएम के आदेश-मंडी में धान की फसल लेकर आने वाले किसानों को न हो कोई परेशानी

**मुलाना।** एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने शुक्रवार को अनाज मंडी का दौरा किया व धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम ने मंडी में उपस्थित किसानों व आढ़तियों से भी बातचीत की और मंडी अधिकारियों से कहा कि धान की फसल लेकर आए किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर है। खरीद व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। मंडी निरीक्षण के दौरान उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान में नमी की मात्रा व तोल को भी चेक किया। एसडीएम ने मंडी अधिकारियों से कहा कि मंडियों में बिजली, पानी, शौचालय और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



धान खरीद कार्य का जायजा लेते एसडीएम सतिंद्र सिवाच व अन्य।

### तालमेल से काम करें

मंडी में आने वाले किसानों को पीने के पानी की कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि धान खरीद में पारदर्शिता व निष्पक्षता बरती जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि राज्य सरकार व प्रशासन किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करें।

## दो व्यक्तियों के खिलाफ कबूतरबाजी का केस

**अंबाला।** अमेरिका भेजने के नाम पर 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पुलिस ने रामपाल की शिकायत पर सहारनपुर के खिलताक इकराम और सावेज के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रामपाल ने बताया कि वह वर्ष 2008 में भारतीय सेना में सूबेदार के पद से सेवानिवृत हुआ था। सेवानिवृत होने के बाद वह पटवी गांव में खालसा वॉटर टैंकर का कार्य करते था। कोरोना महामारी के बाद उन्होंने अपना काम बंद कर दिया। उनका छोटा भाई सुखविंदर सिंह विवाहित है। उनके पास दो बच्चे भी हैं। वह पिछले काफी समय से दोनों आरोपियों को जानता था। क्योंकि दोनों पिता-पुत्र आरोपी भवन बनाने का कार्य करते थे। अगस्त 2011 में उन्होंने बताया कि वो भवन बनाने के अलावा लोगों को विदेश भेजने का काम भी करते हैं।

### मंत्री पंवार बोले-हर घर में अब बॉयोगैस से जलेगा चूल्हा

## सुल्लर में 84 लाख की लागत से गोबरधन परियोजना का उद्घाटन

परियोजना का उद्घाटन करते मंत्री कृष्ण पंवार।



**अंबाला।** पंचायत एवं खनन मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने शुक्रवार को गांव सुल्लर में 84 लाख रुपए की लागत से बनाए गए गोबरधन परियोजना (संयंत्र) का उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके साथ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला विशेष तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर गांववासियों व अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि कृष्ण लाल पंवार व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला को फूलमाला पहनाकर उनका भव्य अभिनंदन किया। पंवार ने कहा कि संयंत्र रोजाना 10 टन गोबर को 400 घन मीटर बॉयोगैस और जैविक खाद में परिवर्तित करेगा।

### हरियाणा कृषि प्रधान राज्य

*पंवार ने कहा कि प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है। 65 % आबादी गांवों में रहती है और गोबर हमारी संपदा है। लेकिन वर्षों से हम इसे व्यर्थ गंवा देते थे। मुख्यमंत्री सैनी के कुशल नेतृत्व में किसान, मजदूर व हर जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण व उत्थान के लिए योजनाएं लागू करते उनका लाभ देने का काम किया जा रहा है। बताया कि प्रदेश में बॉयोगैस स्कीम के तहत सामान्य किसानों को 1 मीटर क्यूबिक क्षमता के बायोगैस प्लांट पर 9 हजार 800 रुपये, 2 से 4 मीटर क्यूबिक क्षमता के प्लांट पर 14 हजार 350 रुपये तथा 5 से 7 मीटर क्यूबिक क्षमता के प्लांट पर 22 हजार 750 रुपये प्रति प्लांट अनुदान दिया जाता है।*

### 51 हजार का मिला नकद पुरस्कार

## कबड्डी टूर्नामेंट: कैथल के धनौरा गांव की टीम ने पाया प्रथम स्थान

**शहजादपुर।** खेल से हमारा मन और दिमाग दोनों ही स्वस्थ रहते है। हर गाँव में खेल प्रतियोगिता करवाई जानी चाहिए ताकि युवाओं की खेल में रुचि बढ़े । यह शब्द मुख्यसमाज सेवी व पूर्व सरपंच सपटर गुर्जर नखड़ौली ने फतेहपुर 126 गांव में कबड्डी टूर्नामेंट के समापन पर कही। टूर्नामेंट में 25 टीमों ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान पर धनोरा कैथल की टीम रही। दूसरे स्थान पर लाली मोहाली की टीम रही। प्रथम पुरष्कार 51000 रुपये और दूसरा इनाम 31000 रुपये दिया गया। इस अवसर पर गांव के कमेटी के प्रधान शिवदयाल गुर्जर, रामरतन, रविंद्र चौधरी, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजबीर राणा व जिला परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन पवन गुर्जर उपस्थित रहे।



**शहजादपुर।** विजेता टीमों को सम्मानित करते पूर्व सरपंच व अन्य।

### बरसात में अनाजमंत्री में आई धान की फसल भी भीगी

## भीषण तूफान ने मचाई तबाही, हाइवे पर सड़क किनारे खड़े पेड़ टूटकर गिरे, लंबा जाम लगा

**बराड़ा।** देर रात आए भीषण तूफान ने क्षेत्र में तबाही मचा दी। तूफान की चपेट में आकर सैकड़ों पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर गए। इससे कई मार्ग घंटों तक बाधित रहे और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।शाहबाद-यमुनानगर रोड पर अधोया से सीवनमाजरा के बीच बड़े-बड़े सफेदे के पेड़ सड़क के बीचोबीच गिर गए। वहीं शाहबाद-साढौरा मार्ग पर बराड़ा में आर्मी कैंटीन से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक कई पेड़ धराशायी हो गए। अचानक गिरे इन पेड़ों से सड़क पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई।



सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाती फॉरेस्ट विभाग की टीम।

### धान की फ़सल बहकर बर्बाद

क्षेत्र में बीती रात करीब नौ बजे आई तेज वर्षा और तूफ़ान ने भारी तबाही मचाई। करीब एक घंटे तक चली मूसलाधार बारिश से अनाज मंडी में पड़ी धान की बड़ी-बड़ी खेप पानी में बह गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। अचानक आई बरसात ने मंडी को पूरी तरह जलमग्न कर दिया और यहां पानी भर जाने से किसानों और व्यापारियों को अपनी फसल बचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।तेज वर्षा से निचले इलाकों में पानी भर जाने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### श्रीरामा क्लब 1978 से कर रहा मंचन

## रामलीला का समापन, युवा कलाकारों को मिला सम्मान

**मुलाना।** श्री रामा क्लब की ओर से आयोजित की जा रही रामलीला का समापन हो गया। रामलीला मंचन के समापन के अवसर पर श्रीरामा क्लब द्वारा रामलीला के सभी कलाकारों का स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब के प्रधान अनिल सैनी ने कहा कि क्लब वर्ष 1978 से कस्बा में रामलीला का मंचन हो रहा है। इस धार्मिक कार्य में क्लब को गांव का पूर्ण सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार रामलीला मंचन में अधिकतर किरदार युवाओं व छोटे बच्चों द्वारा निभाए गए हैं। युवाओं द्वारा निभाए गए किरदारों को काफी पसंद किया गया है। सैनी ने बताया कि रामलीला पूर्ण होने के उपलक्ष में माता की कढ़ाही की जाएगी।



रामलीला के कलाकारों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभ

## चार उपभोक्ताओं को वितरित किए 50-50 हजार के चेक

**मुलाना।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। शुक्रवार को बिजली विभाग एक्सईएन कार्यालय में चेक वितरित किए। एक्सईएन विशाल सैनी और केसरी सब-डिविजनल ऑफिसर अतितोश सिंह द्वारा 4 उपभोक्ताओं को 50-50 हजार रुपये की सब्सिडी का चेक सौंपे गए। योजना के तहत दो किलोवॉट सोलर लगवाने पर सब्सिडी दी जाती है। एक्सईएन विशाल सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार दोनों की ओर से सब्सिडी दी जाती है। केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी उपभोक्ता को तुरंत मिल जाती है जबकि राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी चेक के माध्यम से बिजली विभाग द्वारा वितरित की जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। कहा कि इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।



उपभोक्ताओं को चेक वितरित करते हुए बिजली निगम अधिकारी।

कार्यक्रम | पंचायत एवं खनन मंत्री बोले- पीएम मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए हर नागरिक को देनी होगी आहुति

# 395 वस्तुओं पर जीएसटी छूट से आम नागरिकों के साथ कारोबारियों को राहत

सभी से अपने जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को ज्यादा से ज्यादा महत्व देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का जो संकल्प लिया है उस संकल्प के लिए हमें आगे आना है। स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सुरक्षा, आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से आगे बढ़ा है।पंचायत मंत्री शुक्रवार को पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल के निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले पंचायत मंत्री का यहां पहुंचने पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने पुष्प गुच्छ व शाल भेंट कर उनका अभिनंदन किया।



**अंबाला।** पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार का अपने आवास पर अभिनंदन करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### जनता को लाभ

पंवार ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। भारत सुरक्षा, आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से निरंतर आगे बढ़ रहा है। आर्थिक दृष्टि से बात करें तो वर्ष 2014 में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था लेकिन अब चौथे स्थान पर है। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी में राहत देने का काम किया गया है जिसके तहत 395 वस्तुओं में छूट मिली है। गरीब आदमी के साथ-साथ व्यापारी व अन्य को इसका सीधा लाभ मिला है।

### इनकम टैक्स में छूट

करीब 12 लाख इनकम टैक्स में भी छूट मिली है। रोजमर्रा की जो वस्तुएं होती है उसमें जीएसटी जीरो के बराबर है। जीएसटी कम होने के बाद उन्होने कई शोरुमों का दौरा किया। यहां पर उन्होंने ग्राहकों से बातचीत भी की और उन द्वारा जीएसटी कम होने का स्वागत किया गया और बताया कि जो वाहन अब खरीद रहे हैं उनमें कई वाहनों में एक लाख रूपए के साथ-साथ कुछ में 10 हजार रूपए की छूट मिली है। जीएसटी कम होने से लोगों को काफी राहत मिली है।

### 25 दिसंबर तक अभियान

पंचायत मंत्री ने बताया कि पूरे देश में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है जोकि 25 सितम्बर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती से शुरू हुआ है जो 25 दिसंबर 2025 तक भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक चलेगा। स्वदेशी का विचार हमारे लिए नया नहीं है। यह हमारी स्वतंत्रता का आधार रहा है। महार्षि दयानंद सरस्वती के विचारों से लेकर, 1905 में बंगाल के स्वदेशी आंदोलन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम तक स्वदेशी ने हमेशा आत्मनिर्भता का मार्ग दिखाया है।